उत्तर रेलवे

कार्यालय वरि. म. वि. अभि./परि./दिल्ली
Email: srdeersodli@gmail.com

मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय
स्टेट एंट्री रोड, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

No. 230/Elect/RSO/Safety Drive/2024

दिनाँक: 05.11.2024

**सभी मुख्य लोको निरीक्षक,**

**समस्त वरिष्ठ चालक दल नियंत्रक/ लॉबी,**

जाखल, जींद, रोहतक, शकूरबस्ती, दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली, आनंद विहार, नया खुर्जा गाजियाबाद, मेरठ शहर, पानीपत, नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, तुगलकाबाद, पलवल, गढ़ी हरसरु

**संरक्षा परिपत्र- RSO Safety Circular 06/2024**

**विषयः लोड को स्थिर करने के दौरान वाहनों को सुरक्षित करना।**

लोड स्थिर और अस्थिर करने के दौरान निम्नलिखित अनुक्रम प्रस्तावित है:

➢ **स्थिर करने के दौरान सुरक्षित करने का तरीका:**

- **चालक दल द्वारा की जाने वाली कार्रवाई:**

i. स्टार्टर सिग्नल के पास और फाउलिंग मार्क को साफ करके A-9 से ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोकेंगे। ट्रेन के रुकने के बाद A-9 को Full Service में करके पूरी तरह से लगाएं।

ii. ट्रेन के रुकने के बाद, SA-9 से लोको ब्रेक पूरी तरह से लगाना चाहिए। पहियों के रुकने से पहले SA-9 लगाने से CBC's /बफर पीछे की ओर दब जाते हैं, जिससे A-9 के release के दौरान पीछे की ओर movement होता है।

iii. लोकोमोटिव की ओर से छह वैगनों के हैंड ब्रेक को ALP द्वारा लगाया जाना चाहिए।

- **ट्रेन मैनेजर द्वारा की जाने वाली कार्रवाई:**

i. TM यह सुनिश्चित करेगा कि ट्रेन फाउलिंग मार्क को साफ करके खड़ी है।

ii. TM ब्रेक वान से ब्रेक लगाकर या आखिरी वाहन के एंगल कॉक को खोलकर पूरा BP प्रैशर का गिरना सुनिश्चित करेगा।

iii. ट्रेन मैनेजर द्वारा पीछे से छह वाहनों के हैंड ब्रेक लगाए जाएंगे।

- **स्टेशन मास्टर द्वारा की जाने वाली कार्यवाही:**

i. स्टेशन मास्टर लोड को स्थिर और सुरक्षित करने के लिए LP और TM को लिखित मेमो देगा।

ii. स्टेशन स्टाफ सबसे पहले लोड को लोकोमोटिव की ओर सुरक्षित करेगा।

iii. स्टेशन स्टाफ ALP की मौजूदगी में लोको की ओर से पहले वाहन में सबसे बाहरी दोनों पहियों के नीचे दो लकड़ी के गुटके लगाए जाएंगे।

iv. ALP की मौजूदगी में लोको की ओर से wagon के सबसे बाहरी एक्सल को जंजीर से बांधकर लॉक किया जाएगा।

v. वाहनों को लोको की ओर से वाहनों को सुरक्षित करने के बाद ब्रेक वान की ओर वाहनों को सुरक्षित करने का काम शुरू किया जाएगा।

vi. TM की मौजूदगी में स्टेशन स्टाफ द्वारा आखिरी वाहन के सबसे बाहरी दो पहियों के नीचे लकड़ी के गुटके लगाए जाएंगे।

vii. TM की मौजूदगी में अंतिम वाहन के सबसे बाहरी एक्सल को जंजीर से बांधकर लॉक किया जाएगा।

viii. अगर ट्रेन में ट्रेन मैनेजर नहीं है, तो स्टेशन मास्टर की मौजूदगी में लकड़ी के गुटके और चैन लगाई जाएगी।

➤ **लोड को अस्थिर करनाः**

LP और TM को स्टेशन मास्टर को रिपोर्ट करेंगे और यदि स्थिर लोड के साथ लोको को बंद कर दिया गया था, तो इंजन की चाबी SM से लेंगे । SM सुरक्षित वाहनों की संख्या को इंगित करते हुए लोड को अस्थिर करने के लिए LP और TM को ज्ञापन जारी करेगा।

i. लॉग बुक में पिछली यात्रा के बारे में LP द्वारा की गई टिप्पणियों की जांच करने के बाद लोको को energise करेगा । लोको में आवश्यक मात्रा में प्रैशर बनाएँगे ।

ii. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि SA-9 पूरी तरह से अप्लाइड है ।

iii. BP प्रैशर को चार्ज करने के बाद, LP और TM द्वारा continuity परीक्षण किया जाएगा।

iv. LP रोल डाउन की संभावनाओ से बचने के लिए BP प्रैशर को फुल सर्विस (1.5 किग्रा/सेमी^2) तक कम कर देगा ।

v. TM की उपस्थिति में पीछे के छोर (ब्रेक वान) से लकड़ी के गुटके हटा दिये जाएँगे।

vi. स्टेशन कर्मचारी सबसे पहले TM की उपस्थिति में ब्रेक वैन की ओर सबसे पीछे के वाहन के एक्सल से चेन हटाएंगे।

vii. गार्ड ब्रेक वान की ओर पीछे के छह वैगनों के हैंड ब्रेक को release करेगा । यदि लोड पीछे की ओर लुढ़कता हुआ दिखाई दे तो हैंड ब्रेक वापस लगाए जाएंगे और LP को ब्रेक लगाने के लिए सूचित किया जाएगा ।

viii. सबसे बाहरी पहिये के नीचे लगाए गए लकड़ी के गुटके को स्टेशन स्टाफ द्वारा ALP की मौजूदगी में आगे के छोर (लोको की तरफ) से हटाया जाएगा ।

ix. स्टेशन स्टाफ ALP की मौजूदगी में लोको की तरफ बाहरी गाड़ी के एक्सल से चेन को हटाएगा ।

x. ALP छह वाहनों के हैंड ब्रेक TM की मौजूदगी में release करेगा। यदि लोड आगे बढ़ता है तो हैंड ब्रेक फिर से लगाया जाएगा और TM, LP को ब्रेक लगाने के लिए सूचित करेगा ।

xi. ALP लोको से लकड़ी के गुटके हटाएगा।

xii. लोको के हैंड ब्रेक release किए जाएंगे ।

xiii. जब ट्रेन आगे बढ़ने के लिए तैयार होगी तो LP A-9 से ब्रेक release करेगा ।

xiv. SA-9 से ब्रेक release किए जाएगा और ट्रेन को आगे बढ़ाने के लिए थ्रॉटल खोला जाएगा।

सभी वरिष्ठ चालक दल नियंत्रक/मुख्य लोको निरीक्षक अपने नामित व गैर नामित रनिंग स्टाफ को गहनता से काउंसिल करे। इसे अति आवश्यक समझे ।

आ०सत्येंद्र

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/परिचालन/दिल्ली**

**Copy to: For kind information please.**

- PS to DRM for kind information of DRM please.
- CEE/OP, NDBH.
- ADRM/OP.
- Sr. DSO/DLI.
- DEE/RSO & ADEE/RSO: For Necessary action please
- Principal ETC/GZB, Principal DTC/TKD, Principal RSTC/ Shakurbasti.
- CLI/BTC/TKD, CTC/NDLS Control